(ख) कितने लोगों/व्यक्तियों को बाद में कार उत्पादन के लिए लाइसेंस जारी किए गए थे तथा इन लाइसेंसों को जारी करने का मानदण्ड क्या था या है; और

(ग) कितने लोगों को कारों के उत्पादन के लिए लाइसेंस नहीं दिए गए तथा इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी): (क) 1970 से अब तक कारों के निर्माण के लिए निम्नलिखित पार्टियों को आशय-पत्र जारी किए गये थे :—

(1) *श्री मनुभाई एच. ठक्कर*
(2) *श्री संजय गांधी*
(3) श्री मदन मोहन राव
(4) मै. अलाइड इंजी. कारपोरेशन
(5) श्रीमती सुलोचना सिंह
(6) मै. मारुति उद्योग लिमिटेड

प्रथम पाँच पार्टियों में से केवल प्रथम दो ने आशय-पत्रों में निर्धारित शर्तों को पूरा किया जिनमें उपयुक्त आद्यरूपों का विकास भी शामिल है।

(ख) आशय-पत्रों की शर्तों को पूरा करने हेतु कारगर उपाय करने पर मैसर्स संजय गांधी और मनुभाई एच. ठक्कर को औद्योगिक लाइसेंस जारी किये गए थे। बाद में मारुति उद्योग लिमिटेड को प्रमाणित प्रौद्योगिकी के आधार पर कारों और हल्के उपयोग की गाड़ियों का निर्माण करने के लिए एक औद्योगिक लाइसेंस जारी किया गया था।

(ग) मैसर्स मदन मोहन राव, अलाइड इंजी० कारपोरेशन और श्रीमती सुलोचना सिंह को औद्योगिक लाइसेंस जारी नहीं किए गए थे, क्योंकि वे आशय-पत्रों की शर्तों को पूरा करने हेतु कारगर उपाय नहीं कर सके। श्री संजय गांधी को जारी किया गया औद्योगिक लाइसेंस कम्पनी के राष्ट्रीयकरण के परिणाम स्वरूप प्रभावहीन हो गया और श्री मनुभाई एच. ठक्कर को जारी किया गया औद्योगिक लाइसेंस उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम के अधीन रद्द कर दिया गया था, क्योंकि बिना किसी उपयुक्त कारण के यह पार्टी विनिर्दिष्ट समय के अन्दर लाइसेंस को कार्यान्वित करने के लिए कारगर उपाय करने में असफल रही।

राष्ट्रपति शासन के बाद पंजाब में उग्रवादियों की गतिविधियां

375. **श्री रतन सिंह राजदा :**
श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह :
श्री भीम सिंह :

क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के बाद से उग्रवादियों की गतिविधियों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले एक महीने में ऐसी कितनी घटनाएं हुई;

(ग) सरकार द्वारा कितने व्यक्ति गिरफ्तार किए गए;

(घ) इस सिलसिले में सरकार ने कुल कितने अग्नेयास्त्र आदि बरामद किए हैं; और

(ङ) बरामद किए गये हथियारों का ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लास्कर) : (क) से (ङ) पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करने के पश्चात एक महीने की अवधि के दौरान 41 घटनाएं हुई।

उनमें से 24 घटनाएं पहले पखवाड़े में और 17 दूसरे पखवाड़े में हुई ।

पंजाब में 18.10.1983 से 6.11.1983 तक पुलिस द्वारा मारे गए छापों में 4055 अवांछनीय तत्वों को गिरफ्तार किया गया है । 227 हथियार तथा 932 कारतूस तथा एक हथगोला बरामद किया गया है ।

Printing of Defamatory Writings

376. SHRI G.M. BANATWALLA :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government have received reports about the printing of defamatory writings in respect of Holy Prophet and Islam as a religion in books, periodicals, pamphlets, posters, during January to October, 1983;

(b) if so, the details thereof; and

(c) whether any action has since been taken by Government to stop recurrence of such writings ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI NIHAR RANJAN LASKAR) : (a) Yes, Sir

(b) A statement is enclosed.

(c) State Governments/Union Territory Administrations have suitably been advised to take necessary legal action against the concerned persons.

Statement

List of Complaints Received in the Ministry of Home Affairs Regarding Writings Against Islam During January to October, 1983

1. Circulation of Anti-Muslim Posters in Rampur.

2. Printing of Versus of Kuran on a cloth sold in Ranchi.

3. Circulation of pamphlets in Kesganj (U. P.).

4. Objectionable writings in Urdu daily 'Partap' dated 3.1.1983.

5. Objectionable writings in 'Organisor' dated 26.6.1983.

6. Publication of a book titled 'Quran a Concise Study' containing objectionable passages.

7. Objectionable writings in 'Organisor' dated 2.1.83.

8 Circulation of objectionable leaflets by Ved Parchar Samiti at Panipat (Haryana).

9. Circulation of objectionable leaflets by Hindu Sewa Sangh.

10 Objectionable writings in 'Ved Parkashan' a Kanad monthly in its January and February, 1983 issue.

11. Objection to offending cartoon in weekly 'Baghban Amravati' of Maharashtra.

12. Objectionable remarks against Prophet Mohammad in a letter published in 'Organisor' dated 31.7.83.

13. Printing of cover jacket of the book titled 'The Roots of Religion' carrying a picture of Prophet Mohammad.

14. A booklet published by Vishwa Hindu Parished 'Why do riots take place ? Who is responsible ?'

15. Complaint regarding a book titled 'A true story of Arabian Prophet' written by Dr. P. Mohammad Ali of Kerala.

16. An article on Quran published in monthly 'Jan Gyan' edited by Rakesh Rani.

17. Booklet titled 'Ikhlakh' written by Gulam Hussain of Rampur.

18. Offending contents of History Text Book for class 9th of Bihar (Vishwa Etihas Praveshka).